आकाशवाणी केन्द्र शिमला
24.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार पूर्व की भाजपा सरकार की सहारा योजना जारी रखेगी, लेकिन इसके नियमों में संशोधन किया जाएगा। शिमला में चल रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को एसडीएम के निर्देश पर सीएमओ प्रमाणपत्र जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना पर 40 करोड रूपए बजट जारी किया गया है। इससे पहले मूल सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश में 33 हज़ार एक सौ 81 पात्र व्यक्तियों को इस योजना के तहत पैंशन का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के 11 सौ मामले लंबित हैं। शांडिल ने कहा कि वर्तमान में फरवरी 2025 तक 34 हजार 2 सौ 92 लाभार्थी इस योजना से पंजीकृत है और 13 हजार 8 सौ 95 लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है। विधायक सतपाल सत्ती और रणधीर शर्मा के संयुक्त सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि सहारा योजना के तहत चार हजार रुपए प्रति माह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई पात्र लोगों के दस्तावेज पूरे नहीं हैं और सभी दस्तावेज पूरे होने पर उन्हें पैसा जारी हो जाता है। इसी संबंध में विधायक जनकराज और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी प्रतिपूरक सवाल पूछे।

इमरजेंसी लैंडिंग

शिमला के समीप जुब्बड़हट्टी स्थित हवाई अड्डे में आज सुबह दिल्ली से शिमला पहुंची फ्लाइट की एमरजैंसी लैंडिग की गई। फ्लाइट की लैंडिंग सही न होने से प्लेन रन वे से थोड़ा आगे रुका और इसमें सफर कर रहे 30 यात्री करीब 28 मिनट तक जहाज में ही फंसे रहे। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी इसी फ्लाइट में दिल्ली से शिमला लौट रहे थे और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक भी फ्लाइट में सफर कर रहे थे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट का रनवे पहले ही छोटा है और इसी वजह से एमरजेंसी ब्रेक लगानी पड़ी। इस मामले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि डीजीपी के माध्यम से जुब्बड़हट्टी में फ्लाइट की इमर्जेंसी लैंडिंग की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि मामले को केंद्र सरकार के उड्डयन विभाग के साथ उठाया जाएगा ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो।

आर्ट प्रदर्शनी

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों की कम हो रही संख्या पर चिंता जताते हुए कहा है कि सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई कदम उठा रही है।

वे आज शिमला के गेयटी थियेटर में प्रदेश विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट विभाग की वार्षिक आर्ट प्रदर्शनी चित्र कथा 2025 के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि बीस वर्ष पहले सरकारी स्कूलों में पहली से आठवी तक बच्चों की संख्या साढ़े नौ लाख थी जो अब घट कर साढ़े चार लाख हो गई है यानि 55 फीसदी दाखिले कम हो गए हैं।

शिक्षा मंत्री ने प्रदर्शनी में विजुअल आर्ट विभाग के बच्चों द्वारा प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सुंदरता को दर्शाते चित्रों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कला और संस्कृति से युवा पीढ़ी को रूबरू करवाने के लिए भविष्य में भी ऐसी प्रदर्शनियों का आयोजन महत्वपूर्ण है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की चेबडी पंचायत के लोटी गांव में सलापड़–तत्तापानी–सुन्नी–लुहरी सड़क के सुधार व उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया। इस कार्य पर करीब 70 करोड़ रूपये ख़र्च होंगे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़क निर्माण में सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान है और इससे 5 पंचायतों के लोगों को लाभ होगा। लोक निर्माण मंत्री ने निर्माणाधीन सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना का निरीक्षण भी किया और खैरा में एस.जे.वी.एन. के अधिकारियों के साथ बैठक की। विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को बांध प्रभावित परिवारों को रोज़गार में प्राथमिकता प्रदान करने को कहा, ताकि क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।

---

---